**रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड**

**निविदा स.: आर ई सी/आई टी/93(एंपैनलमेंट)/2008-09/1**

**बोली दस्तावेज** निम्न हेतु

प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर एफ पी)

आरईसीएल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली एवं भारत में विभिन्न स्थानों पर स्थित आंचलिक/प्रोजेक्ट कार्यालयों के लिए डेस्कटॉप कंप्यूटरों, प्रिंटरों, लैपटॉप, यू पी एस तथा अन्य संबंधित वस्तुओं की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग तथा उनके रखरखाव की तीन वर्षीय ऑन-साइट विस्तृत वारंटी के लिए विक्रेताओं का नामिकायन (एंपैनलमेंट)

**(1) बोली (बिड) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 22/06/2009**

**समय: 1100 बजे (भारतीय समयानुसार)**

**(2) बोली (बिड) के खुलने की तिथि : 22/06/2009**

**समय: 1130 बजे (भारतीय समयानुसार)**

**बोली दस्तावेज का मूल्य : रूपये 2500/-**


**रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**RURAL ELECTRIFICATION CORPORATION LTD**
**भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise**
Regd. Office Core-4 SCOPE Complex 7 Lodi Road New Delhi 110003T
24365161 & 41020101 Fax 24360644 Gram RECTRIC
E-mail reccorp@recl.nic.in Website: www.recindia.nic.in


**निम्नलिखित ब्यौरा भरें**

**1. फर्म का नाम व पता: ..................................................................**

.................................................................

.................................................................

**2. प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता(कर्ताओं)का नाम:..................................................**

**(क) महत्वपूर्ण सूचना:**

1. अपूर्ण तथा/अथवा अस्पष्ट तथा/अथवा विलंब से प्राप्त बोली पर विचार नहीं किया जाएगा/उसे संक्षेपत: अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।
2. बोलीकर्ता, प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आर एफ पी) की निबंधन एवं शर्तों को स्वीकार करने के रूप में मूल बोली दस्तावेज को मोहर सहित अनुप्रमाणित करे तथा उसे तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत करे । इसका पालन न किए जाने की स्थिति में बोली पर विचार नहीं किया जाएगा/उसे संक्षेपत: अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।
3. बोलीकर्ता बोली दस्तावेज को आरईसीएल की वेबसाईट अर्थात् http://www.recindia.gov.in http://www.recindia.com से भी डाऊनलोड कर सकते हैं, यद्यपि बोली दस्तावेज के मूल्य रूपये 2500/- को, 'रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली' के पक्ष में तथा नई दिल्ली में देय किसी अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक में आहृत, डिमांड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक के रूप में अलग से ईएमडी के साथ जमा करना अपेक्षित है ।

**विषय-सूची**

| **क्रम संख्या** | **अध्याय** | **विवरण** | **पृष्ठ संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्याय 1 | परिचय | |
| 2 | अध्याय 2 | कार्य का क्षेत्र | |
| 3 | अध्याय 3 | बोलीकर्ताओं के लिए अनुर्देश | |
| 4 | अध्याय 4 | संविदा की सामान्य निबंधन एवं शर्तें | |
| 5 | **संलग्नक** | | |
| | क | तकनीकी बोली (बोली प्रपत्र**)** | |
| | ख | तकनीकी विनिर्देशन तथा निविदा विनिर्देशन और निबंधन एवं शर्तों के अनुपालन पर वचनबद्धता | |
| | ग | वित्तीय बोली (बोली प्रपत्र**)** | |
| | घ | मूल्य अनुसूची | |
| | च | तकनीकी विनिर्देशन | |
| | छ | जमा बयाना राशि के लिए बैंक गारंटी | |
| | | कुल पृष्ठ | |


# अध्याय 1

## परिचय

1.1 बोलियों के लिए आमंत्रण

आरईसीएल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली एवं भारत में विभिन्न स्थानों पर स्थित आंचलिक/प्रोजेक्ट कार्यालयों के लिए डेस्कटॉप कंप्यूटरों, प्रिंटरों, लैपटॉप, यू पी एस तथा अन्य संबंधित वस्तुओं की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग तथा उनके रखरखाव की तीन वर्षीय ऑन-साइट विस्तृत वारंटी के लिए विक्रेताओं का नामिकायन (एंपैनलमेंट) हेतु सीलबंद बोलियां दो भागें में, भाग-।: आवेदन राशि ( यदि बोली इंटरनेट से डाउकनलोड की गई है), जमा बयाना (ईएमडी), 'पात्रता मानदंड' नामक दस्तावेज तथा तकनीकी बोली और भाग-।।: वित्तीय बोली, आमंत्रित की जाती हैं ।

1.2 **आरईसी का परिचय**

**रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसीएल), कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत 25 जुलाई, 1969 को संस्थापित हुआ । 'एएए' श्रेणी के साथ आरईसीएल भारत सरकार का एक, सार्वजनिक क्षेत्र का उद्‌यम है । आरईसीएल पूरे संगठन में ईआरपी को लागू करने के उन्नत स्तर पर है ।**

**1.3 कार्य के मुख्य अंगभूत निम्नवत हैं:**

**निम्न की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण, कमीशनिंग तथा उनके रखरखाव की तीन वर्षीय ऑन-साइट व्यापक वारंटी:**

**सारणी-।**

| **क्रमांक** | वस्तु | प्रारंभिक अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| **1** | **डेस्कटॉप कंप्यूटर** | **26** |
| **2** | **एंट्री लेवल लेज़र प्रिंटर** | **18** |
| **3** | **स्कैनर** | **35** |
| **4** | **यूपीएस-लाईन अंत:‡Gò<sup></sup>ªÉÉ** | **26** |
| **5** | **एमएफपी** | **2** |
| **6** | **माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस 2007** | **1 मिडिया सहित 25 बिना मिडिया के** |

1.4 टिप्पणी:

क. विद्‌यमान उत्पाद(उत्पादों) के लिए आरईसीएल की अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु व्यवहारिक कार्य किया जाए, यदि ऐसे उत्पाद अध्याय-2 के विषय-क्षेत्र तथा संलग्नक 'च' में विनिर्दिष्ट तकनीकी अपेक्षाओं/विनिर्देशनों को पूर्ण करते हों ।

ख. बोलीकर्ता को उकपर दी गई सूची के अनुसार सभी वस्तुओं के लिए बोली प्रस्तुत करनी चाहिए, साथ ही किसी वस्तु (यदि कोई हो तो) के लिए विनिर्दिष्ट वैकल्पिक वस्तुओं की दर भी अनिवार्य रूप से बताई जाए ।

ग. तीन-वर्षीय ऑन-साईट वारंटी तथा रखरखाव सहित सभी वस्तुओं की भाव-दरों को उद्धृत न करने की स्थिति में बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

घ. अनुमानित मात्रा, जैसा कि ऊपर दर्शाई गई है, केवल प्रारंभिक मांग के लिए प्राक्कलित है, तथापि आरईसीएल को नामिकायन (एंपैनलमेंट) के दौरान अन्य आवश्यकताओं के प्रापण हेतु एंपैनलमेंट का उपयोग करने तथा/अथवा उसकी अवधि बढ़ाने, जैसा भी मामला हो, का पूर्ण अधिकार है ।

1.5 बोलीकर्ता के मुख्य उत्तरदायित्वों में निम्नलिखित शामिल हैं:

क) उपरोक्त सारणी-I के अनुसार विभिन्न उपकरणों तथा अंगभूतों की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण स्वीकृति तथा उनके रखरखाव की तीन-वर्षीय ऑन-साईट व्यापक वारंटी ।

ख) कमीशनिंग का पर्यवेक्षण तथा तीन-वर्षीय ऑन-साईट व्यापक वारंटी के अंतर्गत आपूर्ति किए गए उपकरणों का रखरखाव केवल प्रमाणित/अर्हक तथा प्रशिक्षित इंजीनियरों/कार्मिको द्वारा करना ।

**टिप्पणी:** उपरोक्त खंड **1.5** में विनिर्दिष्ट मुख्य उत्तरदायित्व केवल निर्देशात्मक मात्र हैं, किसी भी रूप में संर्वागीण नहीं हैं ।

1.6 **पात्रता मानदंड/पूर्व-योग्यता**

1.6.1 बोलीकर्ता आरईसीएल के लिए एकल प्वाइंट संपर्क होगा तथा मूल उपकरण निर्माता (ओ ई एम) इत्यादि से प्रस्तावित सभी वारंटियों, अपग्रेडों तथा गारंटियों आदि के लिए अकेला जिम्मेवार होगा । इस संबंध में एक वचनबद्धता संलग्न करें ।

1.6.2 बोलीकर्ता को डेस्कटॉप तथा लैपटॉप कंप्यूटरों के लिए निर्माता (ओ ई एम) अथवा चैनल पार्टनर/अधिकृत वितरक/डीलर तथा सेवा प्रदाता अथवा सिस्टम इंटीग्रेटर भी होना चाहिए । इस निविदा के लिए मूल उपकरण निर्माता (ओ ई एम) द्वारा जारी विशेषकर उप महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी), आरईसीएल को संबोधित ओ ई एम प्राधिकार पत्र (पत्रों) को संलग्न किया जाए, जिसमें निविदा संख्या, दिनांक तथा विधिमान्यता का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए

1.6.3 बोलीकर्ताओं के पास कंप्यूटर सिस्टमों/उपकरणों की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग तथा उनके रखरखाव से संबंधित न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए । बोलीकर्ता कम से कम 1

प्रोजेक्ट का ब्यौरा दें जो उनके द्‌वारा सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया हो, जिसमें पिछले दो वर्षों क दौरान रूपये **20** लाख (मात्र बीस लाख रूपये) की न्यूनतम राशि के लिए डेस्कटॉप, लैपटॉप/नोटबुकों इत्यादि की आपूर्ति, संस्थापन, कमीशनिंग तथा उनके रखरखाव की वारंटी शामिल हो। दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें ।

1.6.4 पिछले तीन वर्षों के दौरान कंप्यूटर सिस्टमों तथा/अथवा कुल सिस्टमों/आईटी समाधानों की बिक्री से बोलीकर्ता की वार्षिक कुल बिक्री न्यूनतम रूपये **50** लाख (मात्र पचास लाख रूपये) औसतन होनी चाहिए । तथापि, बोलीकर्ता के डेस्कटॉप तथा लैपटॉप के अधिकृत वितरक/डीलर होने की स्थिति में, इन संबंधित वस्तुओं के लिए मूल उपकरण निर्माता (ओ ई एम) की कुल वार्षिक बिक्री के अलावा, पिछले तीन वर्षों के लिए टर्नओवर न्यूनतम **100** करोड प्रत्येक वर्ष होना चाहिए । वार्षिक कुल बिक्री के संबंध में पुष्टि के लिए दस्तावेजी साक्ष्य (लेखा परीक्षित तुलन-पत्र) संलग्न करें । बोलीकर्ता के मूल उपकरण निर्माता न होने की स्थिति में बोलीकर्ता तथा मूल उपकरण निर्माता हेतु पृथक रूप से दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न किए जाएं, जिसके न होने की स्थिति में बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा । टर्नओवर से तात्पर्य किसी एक कंपनी की वार्षिक कुल बिक्री से है न कि गौण/संघिनी संस्थाओं इत्यादि का समेकित टर्नओवर ।

1.6.5 बोली दस्तावेज डाऊनलोड करने की स्थिति में, बोली दस्तावेज के मूल्य रूपये **2500/-** को, 'रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली' के पक्ष में तथा नई दिल्ली में देय किसी अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक में आहृत, डिमांड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक के रूप में अलग से ईएमडी के साथ जमा करना अपेक्षित है ।

1.6.6 बोली के साथ रूपये **25,000/-** (मात्र पच्चीस हजार रूपये) जमा बयाना राशि का डिमांड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक, जो नई दिल्ली में देय 'रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड' के पक्ष में तथा किसी अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक में आहृत हो, संलग्न किया जाए । जमा बयाना राशि के रूप में चैक, मनी आर्डर तथा नकद राशि स्वीकार नहीं की जाएगी । बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे जमा बयाना राशि के ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक के पीछे निविदा संख्या, अपना नाम व पता इंगित कर दें अन्यथा संबंधित जोखिम बोलीकर्ता का होगा ।

1.6.7 बोलीकर्ता को बिक्री कर/वैट, सेवा कर पंजीकरण संख्या तथा आयकर पंजीकरण संख्या (पी ए एन) के ब्यौरे का वैध दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा ।

1.6.8 बोलीकर्ता को ऊपर खंड **1.3** की सारणी-I के अनुसार सूचीबद्ध सभी वस्तुओं के लिए बोली प्रस्तुत करनी होगी । इस संबंध में एक वचनबद्धता संलग्न करें ।

1.6.9 बोलीकर्ता को उपरोक्त पात्रता/पूर्व-योग्यता मानदंड के सभी तथा प्रत्येक खंडों तथा/अथवा उप खंडों/सन्निहित ख्डों के दस्तावेजी साक्ष्य तथा उपरोक्त खंड संख्या **1.6.1** के लिए प्रत्येक की अलग वचनबद्धता संलग्न करनी होगी अन्यथा बोली संक्षेपत: अस्वीकृत कर दी जाएगी ।

1.6.10 बोलीकर्ता ध्यान दें कि संलग्न किया जाने वाला वैध दस्तावेजी साक्ष्य केवल बोलीकर्ता से संबंधित तथा उसके उपयोज्य हो न कि उसकी संघिनी संस्था/गौण कंपनी तथा/अथवा पैतृक कंपनी इत्यादि से संबंधित हो, ऐसा न होने पर बोली सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दी जाएगी ।

1.6.11 बोलीकर्ता को उनकी तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन करने के लिए उपरोक्त पात्रता मानदंड/पूर्व-योग्यता शर्तों को पूर्ण करना होगा । उपरोक्त पात्रता/पूर्व-योग्यता शर्तों को पूर्ण कर रहे बोलीकर्ताओं की तकनीकी बोली को केवल विधिवत गठित तकनीकी मूल्यांकन समिति (टी ई सी) द्वारा मूल्यांकित किया जाएगा । ऊपर दी गई पात्रता/पूर्व-योग्यता शर्तों को पूर्ण न करने वाले बोलीकर्ताओं की तकनीकी बोली को संक्षेपत: अस्वीकृत कर दिया जाएगा । उपरोक्त दस्तावेजों को बाद में प्रस्तुत करने की वचनबद्धता को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

1.6.12 आरईसीएल को पात्रता मानदंड के उपर्युक्त खंडों के समर्थन में बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तुत सभी मूल दस्तावेजी साक्ष्य की जांच/पुष्टि करने का अधिकार है, तथा अपेक्षित अवधि के अंतर्गत उक्त को प्रस्तुत करने में चूक जाने तथा आरईसीएल द्वारा लिखित में अधिसूचित करने पर बोली सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दी जाएगी तथा/अथवा आरसीईएल द्वारा बोलीकर्ता पर संविदा के खंडों के अधिरोपण करने के साथ, संविदा समाप्त हो जाएगी तथा/अथवा सफल बोलीकर्ता के फलस्वरूप संविदा अवधि विस्तारित अथवा अन्यत्र प्रदान की गई है तथा बोलीकर्ता को ठेका इस निविदा में निर्धारित निबंधन एवं शर्तों के अनुसार दिया गया है ।

1.7 पात्रता मानदंड दस्तावेज, तकनीकी बोली, जमा बयाना राशि (बोली दस्तावेज की लागत सहित, यदि लागू हो तो) तथा वित्तीय बोली को अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में भेजना चाहिए । सीलबंद लिफाफों के शीर्ष पर, उसकी अंतर्वस्तु, निविदा संख्या, बोलीकर्ता का नाम व पता स्पष्ट रूप से इंगित किया जाए । इस प्रकार तैयार किए गए सभी लिफाफों को एक सीलबंद लिफाफे में डाला जाए जिसके शीर्ष पर निविदा संख्या, बोलीकर्ता का नाम व पता स्पष्ट रूप से लिखा जाए ।

1.8 उप महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी), आरईसीएल को संबोधित सभी प्रकार से पूर्ण बोली प्रस्तावों को **31 अक्तूबर 2008 को 1100 बजे (भारतीय समयानुसार) तक निम्नलिखित पते पर आरईसीएल के स्वागत कक्ष में रखे गए निविदा बॉक्स में डाल देना चाहिए । बोली (बिड) को अन्यत्र जमा कराने तथा प्रेषिती को उचित समय व तारीख पर न प्राप्त होने पर, आरईसीएल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।**

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड

कोर-4, स्कोप कांपलेक्स,
7 लोदी रोड़,
नई दिल्ली-110003

1.9 उपरोक्त **खडां 1.1 में विनिर्दिष्ट 'भाग 1' को, आरईसीएल के निगमित कार्यालय, कोर-4, स्कोप कांपलेक्स, 7 लोदी रोड़, नई दिल्ली-110003 में उसी दिन (बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को) 1130 बजे (भारतीय समयानुसार) बोलीकर्ताओं द्वारा चुने गये प्रतिनिधि की उपस्थिति में, खोला जाएगा।**

**1.10 आरईसीएल को बिना कोई कारण बताए अपने विवेकानुसार किसी अनियमितता को त्यागने, किसी अथवा सभी बोलियों को पूर्णतया स्वीकृत अथवा अस्वीकृत; आंशिक रूप से स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है।**

## अध्याय 2

## कार्य का क्षेत्र

**2.1 कार्य-क्षेत्र**

हार्डवेयर/उपकरण की आपूर्ति, परीक्षण, संस्थापन, कमीशनिंग तथा उनके रखरखाव सहायता की तीन वर्षीय ऑन-साईट व्यापक वारंटी का कार्य-क्षेत्र विस्तृत रूप से निम्नवत है **(विस्तृत तकनीकी विनिर्देशनों को संलग्नक-च में दिया गया है ):**

**सारणी-।।**

| **क्र. सं0** | **कार्य-क्षेत्र - विवरण** |
|---|---|
| **1.0** | संलग्नक-च में दिए गए विस्तृत तकनीकी विनिर्देशन के अनुसार डेस्कटॉप कंप्यूटरों, लैपटाप/नोटबुक, नेटवर्क प्रिंटरों, बहु प्रकार्य प्रिंटरों, यू पी एस तथा अन्य संबंधित वस्तुओं की आपूर्ति, परीक्षण, संस्थापन, कमीशन तथा उनके रखरखाव की तीन-वर्षीय ऑन-साईट व्यापक वारंटी । |
| **2.0** | सभी उपकरणों की आपूर्ति तथा सभाल, श्रम, अतिरिक्त पुर्जे तथा ऑपरेटिंग सिस्टम सहित तीन वर्ष की अवधि की ऑन-साईट व्यापक वारंटी/गारंटी युक्त होनी चाहिए । |
| **3.0** | चयनित बोलीकर्ता से, नई दिल्ली तथा भारत में स्थित आरईसीएल के कार्यालयों में डेस्कटॉप कंप्यूटरों, लैपटाप/नोटबुकों, नेटवर्क प्रिंटरों, एम एफ सी एवं यू पी एस सहित उपकरणों की आपूर्ति तथा संस्थापन संबंधी आवश्यक ऑन-साईट सेवाएं उपलब्ध कराना अपेक्षित है । |
| **4.0** | संस्थापन, आपूर्ति, संस्थापन एवं संरूपण के अलावा, चयनित बोलीकर्ता को रखरखाव की ऑन-साईट वारंटी अवधि सहित आरईसीएल की आवश्यकतानुसार निम्नलिखित कार्य करने होंगे:<br>• यदि अपेक्षित हो, प्रयोक्ता के डेटा/फाइलों को विद्यमान पी सी से नये पी सी में स्थानांतरित करना ।<br>• आरईसी की आवश्यकतानुसार नेटवर्क अभिगत (ऍक्सेस), ई-मेल खाता, इंटरनेट अभिगत इत्यादि का संरूपण ।<br>• पैच के अद्यतन इत्यादि सहित आपूर्तित ऑपरेटिंग सिस्टम तथा संबंधित सॉफ्टवेयर की सहायता ।<br>उपकरणों/उत्पादों के आरईसीएल के अन्य कार्यालयों में स्थानांतरित होने की स्थिति में, बोलीकर्ता को उनकों पुन: संरूपण व पुन:संस्थापन इत्यादि करना होगा । तथापि, यह नोट किया जाए कि ऐसे स्थान परिवर्तन के लिए अन्य संभारिकी सहायता आर ई सी एल करेगा । |
| **5.0** | **कम से कम एक कुशल रेजिडेंट इंजीनियर/प्रचालन स्टाफ को, प्राधिकार पत्र/पहचान पत्र के साथ अंतिम पी सी संस्थापित करने की तारीख से वारंटी अवधि के दौरान सोमवार से** |

| | |
|---|---|
| | **शुक्रवार (शनिवार, रविवार तथा आर ई सी के अवकाशों को छोड़कर) प्रात: 9.30 बजे शाम 6.00 बजे तक, नई दिल्ली में स्थित आरईसीएल के निगमित कार्यालय में उपस्थित रहना होगा । तथापि, आवश्यकता पड़ने पर रेजिडेंट इंजीनियर/स्टाफ को कार्यालय समय के उपरांत तथा शनिवार, रविवार तथा छुट्टी के दिनें में भी कार्य करना होगा । ऐसी सेवाओं के लिए आर ई सी द्वारा कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा तथा बोलीकर्ता द्वारा उद्धृत किए गए मूल्यों को ऐसे खर्चों/लागतों के साथ समझा जाएगा । उक्त कार्य के लिए तैनात इंजीनियर निम्नलिखित हेतु उत्तरदायी होंगे:**<br>• **डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम तथा एंटी-वायरस, इंटरनेट, ई-मेल क्लांइटों इत्यादि सहित कार्यालय स्वचलन (ऑफिस ऑटोमेशन) सॉफ्टवेयर में सहायता करना ।**<br>• **प्रयोक्ताओं की मुद्रण संबंधी समस्याओं का समाधान करना ।**<br>**स्टाफ के छुट्टी जाने/नौकरी छोड़ने/पुनर्समनुदेशन करने पर बोलीकर्ता को तुंत वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी ।** |

**टिप्पणी:**

क. **बोलीकर्ता को आपूर्तित सिस्टमों/सब-सिस्टमों के लिए 6 वर्षों की अवधि तक (3 वर्ष की वारंटी अवधि सहित) सहायता उपलब्ध कराने का वचन देना होगा । वारंटी रखरखाव के उपरांत,यदि आरईसीएल विक्रेता के साथ रखरखाव करने का निर्णय लेता है तो विक्रेता को सुनिश्चित करना होगा कि वह अतिरिक्त पुर्जों की आपूर्ति आरईसीएल को करेगा । किसी वस्तु/पुर्जे के किसी कारणवश उपलब्ध न होने की स्थिति में बोलीकर्ता को आरईसीएल की अनुमति से मूल वस्तु/स्पेयर पार्ट के स्थान पर समकक्ष/अथवा नवीनतम वस्तु/स्पेयर पार्ट उपलब्ध कराना होगा ।**

ख. सॉफ्टवेयर इत्यादि के लिए किसी मीडिया तथा आरईसीएल के विवेकानुसार अन्य कोई तकनीकी सहायता को, आरईसीएल द्वारा सफल एंपैनल्ड बोलीकर्ता के संस्थापन इंजीनियरों को उपलब्ध कराया जाएगा ।

## 2.2 निर्देशात्मक अनुसूचियां

बोलीकर्ता का नीचे दी गई निर्धारित समय अनुसूची के अनुसार जुड़े रहना अपेक्षित है ।

**<u>सारणी-।।। : मुख्य गतिविधियां</u>**

| क्रमांक | माइलस्टोन | वितरणीय (वृद्धिशील सप्ताह) |
|---|---|---|
| 1. | क्रय आदेश का देना | टी 1 |
| 2. | उपकरणों/उत्पादों की सुपुर्दगी | टी 1+4 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | उपकरणों/उत्पादों का संस्थापन, कमीशनिंग | टी 2 = (टी1+6) |
| 4. | सिस्टम की रखरखाव वारंटी | टी 2+156 |

**2.3 उपकरणों/सिस्टमों का विस्तृत तकनीकी विनिर्देशनों को संलग्नक-च में विनिर्दिष्ट किया गया है ।**

## अध्याय 3

## बोलीकर्ताओं के लिए अनुदेश

### 3.1 बोली की लागत

बोलीकर्ता, बोली को तैयार करने तथा उसे प्रस्तुत करने संबंधी सभी खर्चों को वहन करेगा तथा आरईसीएल, बोली प्रक्रिया को संचालित करने अथवा उसके परिणाम पर ध्यान दिए बिना, किसी भी स्थिति में इन खर्चों के लिए उत्तरदायी अथवा जिम्मेवार नहीं होगा ।

## 3.2 निविदा दस्तावेज

बोलीकर्ता से अपेक्षा की जाती है तथा यह समझा जाता है कि वह बोली लगाने के दौरान निविदा दस्तावेज के सभी अनुदेशों, प्रपत्रों, शर्तों तथा विनिर्देशनों इत्यादि को ध्यान से पढ़ व जांच ले, उनका अनुपालन करे व उनसे सम्मत हो । अपेक्षित सभी सूचनाओं को न देने तथा/अथवा झूठी/गलत सूचना तथा/अथवा संदिग्ध/असंगत सूचना तथा/अथवा बोली के लिए अनुकूल महत्वपूर्ण प्रभावनीय दस्तावेज के बिना बोली को प्रस्तुत करना बोलीकर्ता का अपना जोखिम होगा तथा परिणामत: उसकी बोली अस्वीकृत हो जाएगी ।

## 3.3 बोलियों की तैयारी

**3.3.1 बोलियों को दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत किया जाए ।**

**क. भाग-I: पहले लिफाफे में अलग से तीन सीलबंद लिफाफे होने चाहिए:**

**i ईएमडी (बोली दस्तावेज की लागत सहित, यदि लागू हो तो) को अलग से सीलबंद किया जाए तथा लिफाफे पर शब्द 'ई एम डी' लिखा जाए/अंकित किया जाए ।**

**ii पात्रता/पूर्व-योग्यता मानदंड दस्तावेज को अलग से सीलबंद किया जाए तथा लिफाफे पर 'पात्रता/पूर्व-योग्यता मानदंड' शब्दों को लिखा /अंकित किया जाए ।**

ख. भाग-II: दूसरे लिफाफे में निम्नलिखित समाविष्ट हो:

i **वित्तीय बोली को अलग से सीलबंद किया जाए तथा लिफाफे** पर शब्द 'वित्तीय बोली' लिखा जाए/अंकित किया जाए ।

**3.3.2 सीलबंद लिफाफों पर लिफाफे की अंतर्वस्तु, निविदा संख्या, बोलीकर्ता का नाम तथा पता स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए ।**

**3.3.3 प्रस्तुत की जा रही बोली के सभी पृष्ठों पर, फॉर्मेट की अंतर्वस्तु की प्रकृति पर ध्यान दिए बिना: 'चालू पृष्ठ सं0/पृष्ठों की कुल संख्या', बोलीकर्ता के प्राधिकृत** हस्ताक्षरी द्वारा (सभी शर्तों एवं निबंधन की स्वीकृति को इंगित करते हुए) हस्ताक्षर किए जाएं तथा क्रमागत संख्या अंकित की जाए। हस्ताक्षर एवं मोहर के बिना बोली को संक्षेपत: अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

**3.3.4 बोली को उपयुक्त रूप अनुक्रमणिका युक्त तथा एक जिल्द में उचित रूप से बंधा होना चाहिए, उसमें पेपर खुल हुए न हों, ऐसा न होने की स्थिति में बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।**

**3.3.5 जमा बयाना राशि (ईएमडी), पात्रता मानदंड दस्तावेज, तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली को अंतर्विष्ट करने वाले बाहरी लिफाफे पर बोली संख्या तथा दिनांक का उल्लेख करते हुए उप महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी), आर ई सी एल, कोर-4, स्कोप कांपलेक्स, लोदी रोड़, नई दिल्ली-110003 को संबोधित किया जाए ।**

**3.3.6 सभी बाहरी तथा भीतरी लिफाफों पर बोलीकर्ता का नाम व पता इंगित किया जाए, ताकि बोली में देर अथवा विलंब होने की स्थिति में उसे बिना खोले लौटाया जा सके ।**

**3.3.7 टेलेक्स, तार, ई-मेल, अनुलिपि अथवा बिना सीलबंद इत्यादि के बोलियों को पूर्णतया अस्वीकृत** कर दिया जाएगा ।

**3.4 जमा बयाना राशि (ई एम डी)**

क. बोली के साथ बैंक गारंटी (फॉर्मेट संलग्नक-छ में दिया गया है)/डिमांड ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक, जो नई दिल्ली में देय 'रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड' के पक्ष में देय किसी अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक में आहृत हो, के रूप में रूपये **25,000/-** (मात्र पच्चीस हजार रूपये) की जमा बयाना राशि संलग्न होनी चाहिए । जमा बयाना राशि के रूप में चैकों, मनी आर्डरों तथा नकद धनराशि इत्यादि को स्वीकार नहीं किया जाएगा । बोलीकर्ता से अनुरोध है कि वह जमा बयाना राशि के ड्रॉफ्ट/बैंकर चैक के पीछे निविदा संख्या, तथा बोलीकर्ता का नाम व पता लिखना सुनिश्चित कर लें अन्यथा संबंधित जोखिम बोलीकर्ता का होगा । वैध जमा बयाना राशि के बिना बोली को एकदम अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

ख. सफल बोलीकर्ता के साथ संविदा पर हस्ताक्षर होने के उपरंत, असफल बोलीकर्ताओं की जमा बयाना राशि वापस कर दी जाएगी । सफल बोलीकर्ता की जमा बयाना राशि को, वैध निष्पादन बैंक गारंटी प्राप्त होने पर, वापस कर दिया जाएगा ।

ग. जमा बयाना राशि पर आर ई सी कोई ब्याज नहीं देगा ।

घ. यदि कोई बोलीकर्ता बोली वैधता अवधि, बोलीकर्ता द्वारा बोली में विनिर्दिष्ट, के दौरान अपनी बोली वापस लेता है तथा/अथवा बोली में झूठे दस्तावेज/वचनबद्धता प्रस्तुत करता है तो जमा बयाना राशि (ई एम डी) जब्त कर ली जाएगी ।

3.5 **पात्रता/पूर्व-योग्यता मानदंड दस्तावेज**

**अध्याय 1 के खंड 1.6 के अनुसार पात्रता मानदंड दस्तावेजों को बोली के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए । इन दस्तावेजों के बिना बोली को एकदम अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।**

3.6 **तकनीकी बोली**

बोलीकर्ता द्वारा तैयार की गई तकनीकी बोली में निम्नलिखित समाविष्ट होंगे :

क. उत्पाद मूल्यांकन किट, तकनीकी सूचना, सफेद कागज इत्यादि ।

ख. महत्वपूर्ण संस्थापन साइटों की सूची ।

ग. तकनीकी बोली प्रपत्र - संलग्नक 'क' ।

घ. बोलीकर्ता द्वारा संलग्नक-ख के अनुसार वचनबद्धता प्रस्तुत की जाए ।

च. संलग्नक-च में निहित विनिर्देशनों के अनुसार उपकरण तथा/अथवा उत्पाद अनुकूलता पत्रक प्रस्तुत किया जाए

**टिप्पणी:**

क. बोलीकर्ता को अपेक्षित दस्तावेजों को, स्व/कंपनी द्वारा साक्ष्यांकित करने के उपरांत प्रस्तुत करना चाहिए ।

ख. सभी सिस्टमों, उप-सिस्टमों तथा वैकल्पिक वस्तुओं के निर्माण एवं प्रतिमान का उल्लेख तकनीकी बोली में किया जाए तथा पूर्ण तकनीकी ब्यौरे को, विवरणिकाओं तथा आलेखों के रूप में उपलब्ध कराया जाए ।

**3.7 वित्तीय बोली:**

क. वित्तीय बोली में निम्नलिखित समाविष्ट होंगे :

I. वित्तीय बोली प्रपत्र: संलग्नक-ग

II. मूल्य अनुसूची: संलग्नक-घ

ख. वित्तीय बोली में उपकरण/सिस्टम/उत्पाद तथा/अथवा सेवाओं के लिए यूनिट मूल्यों को इंगित किया जाए, इसे संविदा के तहत उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित किया जाए ।

ग. उद्धृत मूल्य स्थायी होने चाहिए तथा उसमें, अंतरापृष्ठ केबल, पावर केबल, संबंधित अनुषंगियां, सिस्टम के उप संयोजन तथा सिस्टम के संचालन मैनुअलों का दस्तावेजीकरण, भाड़ा, पैकिंग, अग्रेषण, संचालन, माल लादना व उतारना, बीमा, लागू अन्य शुल्क तथा संस्थापन, कमीशनिंग,

रखरखाव की ऑन-साईट व्यापक वारंटी (तीन वर्षीय), कमीशनिंग, आरईसी के निगमित कार्यालय में सहायतार्थ एक रेजिडेंट कर्मी, प्रशिक्षण इत्यादि, सभी उपकरणों/सिस्टमों/उत्पादों तथा सेवाओं के लिए शुल्क तथा विक्रेता द्वारा संविदागत बाध्यताओं के निष्पादन के संबंध में विक्रेता के कार्मिकों के दौरों से संबंधित अन्य खर्चों की लागत शामिल की जाएं ।

घ. उद्धृत की गई मूल्य अनुसूची में कर घटकों को अलग से इंगित किया जाना चाहिए - संलग्नक 'घ' । चुंगी, सड़क कर इत्यादि का भुगतान केवल संबंधित समर्थित दस्तावेजों के प्रस्तुत करने पर वास्तविक आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा ।

च. बोलीकर्ता को मूल्य अनुसूची (संलग्नक-घ) में प्रत्येक वस्तु के लिए भाव दर बतानी होगी । बोलीकर्ता, जहां लागू हो, पूरी लागत को भी इंगित करे । प्रस्ताव जिनमें मदवार दरें इंगित नहीं की गई हैं, जहां लागू हो, अयोग्यता के लिए उत्तरदायी है ।

छ. बोलीकर्ता यह नोट कर ले कि आरईसीएल फार्म 'डी'/फार्म 'सी' इत्यादि उपलब्ध नहीं कराएगा ।

ज. बोलीकर्ता द्वारा उद्धृत किए गए मूल्य, संविदा में बोलीकर्ता के कार्य निष्पादन के दौरान स्थायी रहेंगे तथा उनमें किसी भी कारण से परिवर्तन नहीं होगा । किसी शर्तबंध मूल्य के साथ प्रस्तुत की गई बोली को गैर-प्रभावनीय के रूप में विचारा जाएगा तथा बोली को संक्षेपतः अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

झ. सभी मूल्यों तथा अन्य सूचना जैसे अंकित मूल्य पर छूट इत्यादि को निर्धारित प्रस्ताव प्रपत्र में अंकों तथा शब्दों, दोनों में, लिखा जाएगा ।

ट. यदि शब्दों तथा अंकों में उद्धृत मूल्य/सूचना के बीच में कोई विसंगति पायी जाती है तो दोनों में से उच्च मूल्य को बोली के रूप में विचारा जाएगा । तथापि, खरीद/क्रयादेश, दो मूल्यों में से निचले के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा ।

ठ. इस बोली की वैधता के दौरान अथवा बढ़ाई गई अवधि, यदि कोई हो तो, के दौरान यदि बोलीकर्ता भारत में किसी अन्य विभाग/संगठन को उसी संरूपण का कोई सिस्टम अथवा सब-सिस्टम क्रेताओं के लिए निर्धारित मूल्य से कम मूल्य पर बेचता है तो बोलीकर्ता अपने आप खरीददार के लिए लाभ पारित कर देगा, बोलीकर्ता द्वारा किसी अन्य विभाग/संगठन को प्रस्तावित ऐसी कटौती से अधिकतम **30** दिनों की अवधि के अंतर्गत आरईसीएल के लिए दाम कम न करने की स्थिति में, बोलीकर्ता का नामिकायन (एंपैनलमेंट) रद्द कर दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त, बोलीकर्ता को आरईसीएल द्वारा अनिश्चितकाल के लिए अथवा आरईसीएल के विवेकानुसार कुछ विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए काली सूची में डाल दिया जाएगा तथा बोलीकर्ता की निष्पादन गारंटी अथवा अन्य कोई भुगतान (बकाया अथवा भावी)/गारंटी (अन्य किसी कार्य के प्रति देय/वसूली योग्य सहित) को आरईसीएल द्वारा जब्त कर लिया जाएगा ।

ड. दरें, तकनीकी बोलियों के खुलने की तारीख से, **90 दिनों की एक अवधि के लिए वैध होनी चाहिए बशर्ते कि तकनीकी बोली के खुलने की तारीख से 83 दिनों के उपरांत बोली को वैध समझा जाए, जब तक कि बोलीकर्ता को अपनी बोली वापस** लेने के लिए न्यूनतम सात कार्य दिवस (आरईसी/भारत सरकार द्वारा अधिसूचित सरकारी कैलेंडर के अनुसार) पूर्व पंजीकृत डाक द्वारा लिखित में नोटिस न दे तथा यदि नोटिस अवधि के दौरान निविदा निर्णीत/सुनिश्चित कर ली गई है तो बोलीकर्ता को उसकी स्वेच्छाकृत पार्टी समझा जाएगा तथा चूक करने की स्थिति में जमा बयाना राशि (ईएमडी) जब्त कर ली जाएगी तथा बोलीकर्ता को, निविदा में तथा/अथवा आरईसी के विवेकानुसार निर्धारित अवधि के लिए आरईसी की सभी निविदाओं के लिए, काली सूची में डाला जाएगा ।

ढ. चयनित विक्रेता (ओं) को, नामिकायन (एंपैनलमेंट) के प्रस्ताव की स्वीकृति तथा बोलीकर्ता द्वारा एंपैनलमेंट/संविदा अनुबंध पर हस्ताक्षर अथवा प्रारंभिक क्रय आदेश देने की तारीख से, जो भी पहले हो, 12 महीनों की अवधि के लिए आरईसीएल के साथ नाम सूची में दर्ज किया जाएगा, इस अवधि को आगे अधिकतम छह महीनों के लिए बढ़ाया जा सकेगा । उद्धृत की गई दरें एंपैनलमेंट अवधि के लिए तथा विस्तारित अवधि, यदि कोई हो तो, के लिए वैध रहेगी ।

ण. मूल्यों में, उपकरणों के संतोषजनक संस्थापन तथा कमीशनिंग सहित भारत में वांछित गंतव्य/स्थानों पर सुपुर्दगी भी शामिल है ।

त. सिस्टमों/उपकरणों के लिए रखरखाव की तीन वर्षीय ऑन-साईट व्यापक वारंटी की अवधि को, सफलतापूर्वक संस्थापन/कमीशनिंग तथा बोलीकर्ता द्वारा आरईसीएल के वांछित गंतव्यों पर उत्पादों की सफलतापूर्वक आपूर्ति उपरांत आरईसीएल द्वारा स्वीकृति की तारीख से, विचारा जाएगा ।

थ. बोली से संबंधित सभी लागतों एवं शुल्कों को भारतीय रूपयों में बताया जाएगा ।

### 3.8 बोलियों को प्रस्तुत करने की समय सीमा

क. बोलियां आवरण पृष्ठ पर विनिर्दिष्ट दिनांक व समय तक अध्याय-I में दिए गए आरईसीएल के पते पर पहुंच जानी चाहिए। बोलियों के प्रस्तुत करने की निर्दिष्ट तारीख के आरईसीएल के लिए अवकाश घोषित होने की स्थिति में बोलियां अगले कार्य दिवस को नियत समय तक प्राप्त की जाएंगी ।

ख. आरईसीएल अपने विवेकानुसार बोलियों के प्रस्तुत करने की समय सीमा को, निविदा संशोधन के द्वारा, बढ़ा सकता है, इस स्थिति में पूर्व समय सीमा के अनुसार तय आरईसीएल तथा बोलीकर्ताओं के सभी अधिकारी एवं बाध्यताएं, विस्तारित की गई समय सीमा के अनुरूप हो जाएंगी ।

ग. बोलियों के प्रस्तुत करने की समय सीमा से पूर्व किसी भी समय निविदा दस्तावेज के संशोधन आर ई सी द्वारा जारी किए जाएंगे ।

घ. जारी करने की तारीख से, निविदा दस्तावेज के संशोधनों को निविदा दस्तावेज के एकीकृत अंश के रूप में समझा जाएगा ।

### 3.9 देरी तथा विलंब से प्राप्त बोलियां

आरईसीएल द्वारा निर्धारित बोलियों को प्रस्तुत करने की समय सीमा के उपरांत आरईसीएल द्वारा प्राप्त बोली को अस्वीकृत कर दिया जाएगा तथा/अथवा बिना खोले बोलीकर्ता को वापस कर दिया जाएगा ।

### 3.10 बोली का खुलना तथा मूल्यांकन

आरईसीएल अध्याय-I में निर्दिष्ट समय, दिनांक तथा स्थान पर बोलियों को, बोलीकर्ताओं द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोलेगा । वहां पर उपस्थित बोलीकर्ताओं के प्रतिनिधि उनकी उपस्थिति के साक्ष्य के रूप में रजिस्टर पर हस्ताक्षर करेंगे । बोली खुलने की निर्धारित तारीख को आरईसीएल के लिए अवकाश घोषित होने की स्थिति में, बोलियों को अगले कार्य दिवस को नियत समय व स्थान पर खोला जाएगा ।

### 3.11 बोलियों का खुलना

आरईसीएल क्रमश: जमा बयाना राशि के लिफाफे (तथा बोली दस्तावेज की लागत,यदि लागू हो तो), पात्रता मानदंड दस्तावेज तथा तकनीकी बोली को खोलेगा तथा पात्रता/पूर्व-योग्यता मानदंड दस्तावेज (जों) के सही न पाये जाने के मामले में, बोली को संक्षेपत: अस्वीकृत कर दिया जाएगा । केवल उन्हीं बोलीकर्ताओं की तकनीकी बोली का मूल्यांकन किया जाएगा, जिनकी जमा बयाना राशि (तथा बोली दस्तावेज की लागत, यदि लागू हो तो) तथा पात्रता मानदंड दस्तावेज सही पाये जाएंगे ।

### 3.12 बोलियों का स्पष्टीकरण

क. बोलियों के मूल्यांकन के दौरान, आरईसीएल अपने विवेक से बोलीकर्ता को उसकी बोली का स्पष्टीकरण देने के लिए पूछ सकता है तथा बोलीकर्ता को उसे आरईसीएल द्वारा निर्धारित न्यूनतम एक दिन की अवधि के अंतर्गत बताना होगा तथा चूक करने की स्थिति में यह माना जाएगा कि बोलीकर्ता के पास प्रस्तुत करने के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं है तथा बोली को मूल्यांकित किया जाएगा तथा/अथवा तदनुसार बोली अस्वीकृत हो जाएगी । स्पष्टीकरण के लिए अनुरोध व प्रत्युत्तर लिखित में होगा तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने की तारीख, बोली के मूल्य अथवा सार में परिवर्तन, प्रस्तावित अथवा मंजूर नहीं होगा ।

ख. कोई बोलीकर्ता, बोली खुलने की तारीख से संविदा दिए जाने तक, अपनी बोली के संबंध में आरईसीएल से संपर्क नहीं करेगा । यदि बोलीकर्ता आरईसीएल को अतिरिक्त जानकारी देना चाहता है तो उसे लिखित में देना होगा ।

ग. बोली मूल्यांकन, बोली की तुलना अथवा संविदा देने के निर्णयों के संबंध में आरईसीएल पर बोलीकर्ता द्वारा प्रभाव डालने का कोई प्रयास बोलीकर्ता की बोली को अस्वीकृत कराने का कारण होगा तथा आरईसीएल द्वारा फर्म को, आरईसीएल के भावी प्रस्ताव हेतु अनुरोधों/निविदाओं में भागीदारी करने के लिए एक निर्धारित अवधि तक अथवा अनिश्चित काल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा ।

घ. आरईसीएल के पास, वित्तीय बोली के खुलने से पूर्व किसी बोली की स्वीकृति से पहले निविदा के विषय-क्षेत्र तथा/अथवा विनिर्देशनों में बदलाव अथवा परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है। तथापि, ऐसी संभाविता की स्थिति में सभी योग्य/पूर्व-अर्हक बोलीकर्ता(ओं) को उनके विवेकानुसार उनकी वित्तीय बोली में तदनुसार बदलाव तथा परिवर्तन, यदि आवश्यक हो तो, करने का एक अवसर दिया जाएगा । प्रस्तावित विनिर्देशनों के निविदा में वर्णित विनिर्देशनों से विसामान्य होने के मामले में, बोलीकर्ता को सुस्पष्ट करना चाहिए कि उसने प्रस्तावित वस्तु को किस संबंध में तथा किस सीमा तक हमारे विनिर्देशनों, यहां तक कि विसामान्यता अधिक सुसंगत नहीं है, से भिन्न किया है ।

च. आरईसीएल को अधिकार सुरक्षित है कि वह वित्तीय बोलियों के खुलने से पूर्व किसी भी समय योग्य/पूर्व-अर्हक तथा/अथवा तकनीकी अर्हक बोलीकर्ताओं को, मूल विषय-क्षेत्र तथा/अथवा विनिर्देशनों के साथ परिशोधित वित्तीय बोली के लिए, बुला सकता है । बोलीकर्ता परिशोधित वित्तीय बोली को प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा निर्धारित समयावधि में उनके द्वारा आरईसीएल में जमा कराई गई मूल वित्तीय बोली के साथ बने रह सकते हैं । परिशोधित वित्तीय बोली के प्रस्तुत न करने की स्थिति में बोलीकर्ता को उसकी मूल वित्तीय बोली पर डटे रहना समझा जाएगा । तथापि, इस विशेष मामले में यह नोट किया जाए कि आरईसीएल के अनुरोध पर बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तुत की गई परिशोधित वित्तीय बोली, योग/उप-योग तथा/अथवा वस्तु की अकेली पंक्ति के मूल्य की दृष्टि से, बोलीकर्ता द्वारा प्रस्तुत मूल वित्तीय बोली से किसी भी तरह उच्च नहीं हो सकती ।परिशोधित वित्तीय बोली के मूल वित्तीय बोली से उच्च होने की स्थिति में बोली को संक्षेपतः अस्वीकृत कर दिया जाएगा तथा उसे आगे वित्तीय मूल्यांकन के लिए विचारा नहीं जाएगा ।

### 3.13 **तकनीकी बोली का मूल्यांकन**

क. खंड **3.6** के अनुसार विस्तृत तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा, तथा आरईसीएल बोली दस्तावेजों के प्रति प्रत्येक बोली की पर्याप्त अनुक्रियाशीलता को निर्धारित करेगा । इन खंडों के उद्देश्य के

लिए एक पर्याप्त अनुक्रियाशील बोली वह है, जो बिना किसी महत्वपूर्ण विचलन के, बोली दस्तावेजों के सभी विनिर्देशनों तथा निबंधन एवं शर्तों के अनुकूल हो ।

ख. अपर्याप्त प्रभावनीय रूप से निर्धारित बोली को आरईसीएल द्वारा अस्वीकृत किया जाएगा तथा उसे तत्पश्चात बोलीकर्ता द्वारा अनुकूल बनाकर अनुक्रियाशील नहीं बनाया जाएगा ।

ग. तकनीकी बोलियों के मूल्यांकन तथा/अथवा तकनीकी विनिर्देशनों के अनुपालन के आधार पर आरईसीएल द्वारा छांटे गए बोलीकर्ताओं को विस्तृत विचार-विमर्श तथा/अथवा प्रस्तुति/प्रदर्शन के लिए बुलाया जाएगा । उपकरण/सिस्टम/उत्पाद, उद्योग मानक परीक्षणों तथा वर्तमान में उपलब्ध अन्य क्रियाविधियों/निर्धारित तारीख, समय तथा स्थान पर, जो विक्रेता की सुविधा से आरईसीएल द्वारा तय किया जाएगा, आरईसी के एकमात्र वेवेक से विधिवत गठित बेंचमार्किंग/परीक्षण समिति द्वारा बेंचमार्किंग परीक्षण पर आधारित होंगे । विक्रेता को उपकरण/सिस्टम तथा उनके अपने परीक्षण, मापन उपकरण तथा अन्य संबंधित सॉफ्टवेयर के साथ निर्धारित समय, स्थान व तारीख पर आने को कहा जाएगा । बोलीकर्ता को समय, स्थान व तारीख की सूचना कम से कम एक दिन पूर्व दी जाएगी । किसी भी परिस्थिति में दिनांक, समय तथा/अथवा स्थान में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा । मूल्यांकन के लिए आरईसीएल द्वारा दी गई समय रूपरेखा के अंतर्गत बेंचमार्किंग के लिए उपकरणों/सिस्टमों को प्रस्तुत न करने की स्थिति में बोली को अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

घ. तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित किसी विशेष/ब्रांडेड उत्पाद को अल्प नोटिस पर भारत में कहीं भी स्थित आरईसीएल/विक्रेता के परिसर में प्रदर्शन/प्रस्तुति के द्वारा तकनीकी रूप से मूल्यांकित किया जाएगा । यदि बोलीकर्ता निर्धारित समय पर तकनीकी मूल्यांकन के लिए नमूना/उद्धृत उत्पाद को लाने में असफल होता है तो, उसकी बोली अस्वीकृत कर दी जाएगी । आरईसीएल अपने विवेकानुसार चालू मूल्यांकन के दौरान आरईसीएल द्वारा मूल्यांकित किए जा रहे किसी अथवा सभी उत्पादों के प्रदर्शन/परीक्षण न करने का निर्णय ले सकता है ।

च. बोलीकर्ताओं के हित में सुझाव दिया जाता है कि वे सभी तकनीकी पैरामीटरों के अनुकूल मूल्यांकन के लिए सिस्टमों तथा परीक्षित सिस्टम को साथ में लाना सुनिश्चित करें ।

छ. आरईसीएल तथा/अथवा इसके जैड ओ/पी ओ/सीआईआरई को निविदाकृत वस्तुओं के किसी सबसेट/सुपरसेट का आदेश करने का अधिकार सुरक्षित है ।

ज. तकनीकी मूल्यांकन समिति अपने विवेकानुसार, बोलीकर्ता द्वारा तकनीकी बोली में बताई गई जानकारी, प्रस्तावित सेवाओं का निष्पादन करने में सक्षमता, सामर्थ्यता, प्रोजेक्ट के कुशल और प्रभावकारी निष्पादन के लिए बोलीकर्ता के पास उपलब्ध सुविधाएं तथा संसाधनों का मूल्यांकन

तथा पुष्टि करने के लिए बोलीकर्ता की विनिर्माण सुविधाओं तथा/अथवा रखरखाव एवं सहायक केंद्र (केंद्रों) का आकस्मिक निरीक्षण करने का निर्णय ले सकता है ।

झ. प्रस्तुति तथा/अथवा परीक्षण/बेंचमार्किंग सहित तकनीकी मूल्यांकन के लिए, बोलीकर्ताओं को तकनीकी मूल्यांकन समिति तथा मूल्यांकन दल के साथ संपर्क के लिए उनके संगठन से अपेक्षित सॉफ्टवेयर, हर प्रकार के प्रलेखीकरण, उपकरण सहित उपयुक्त विशेषज्ञ की उपलब्धता को सुनिश्चित करना होगा । बोलीकर्ता के उपयुक्त दस्तावेजीकरण, उपकरण तथा उपलब्ध सॉफ्टवेयर सहित अपेक्षित विशेषज्ञ के प्रस्तुत न करने की स्थिति में, ऐसे दोषी बोलीकर्ता को निविदा मूल्यांकन प्रक्रिया से हटाया जाएगा तथा बोली अस्वीकृत हो जाएगी ।

### 3.14 वित्तीय बोलियों का खुलना

क. आरईसीएल केवल उन्हीं बोलीकर्ताओं की वित्तीय बोलियों को खोलेगा जो कार्य को करने के लिए तकनीकी रूप से योग्य पाये जाएंगे ।

ख. तकनीकी रूप से सफल बोलीकर्ताओं की वित्तीय बोली, उनके द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों के समक्ष, निर्धारित तारीख, समय व स्थान पर खोली जाएगी ।

ग. केवल तकनीकी रूप से अर्हक बोलीकर्ताओं को वित्तीय बोलियों के खुलने की तारीख व समय से अवगत कराया जाएगा ।

### 3.15 बोलियों का मूल्यांकन तथा तुलना

क. वस्तुओं के सर्वसमावेशी मूल्य की तुलना की जाएगी, ऐसे मूल्य में भुगतान अथवा देय शुल्क और कर सहित सभी लागते शामिल होंगी ।

ख. अंकगणितीय त्रुटियों को निम्नलिखित आधार पर दूर किया जाएगा: यदि यूनिट मूल्य तथा कुल मूल्य के बीच कोई विसंगति है, जो यूनिट मूल्य तथा मात्रा के गुणन करने के फलस्वरूप प्राप्त हुई है, तो यूनिट मूल्य वही रहेगा तथा कुल मूल्य को ठीक कर दिया जाएगा । यदि विसंगति शब्दों तथा अंकों के मध्य हुई है तो, दोनों में से उच्च दर को बोली के मूल्य के रूप में लिया जाएगा । किंतु बोलीकर्ता के न्यनतम बोलीकर्ता होने की स्थिति में न्यूनतम बोलीकर्ता का परिकलन करने के उद्देश्य के लिए, दोनों में से न्यूनतम को, क्रय आदेश जारी करने के समय वस्तुओं के लिए, अंतिम मूल्य के रूप में विचारा जाएगा ।

ग. बोलीकर्ता को केवल निविदा अध्याय-**4: खंड 4.2** में दी गई भुगतान अनुसूची की रूपरेखा तथा संलग्नक-घ 'मूल्य अनुसूची' में दिए गए फॉर्मेट के अनुसार, अपनी बोली मूल्य को बताना चाहिए तथा संलग्नक-घ 'मूल्य अनुसूची' में दिए गए संशोधनों/अनुशेषों/आशोधनों के मामले में बोली पूर्णतया तथा संक्षेपतः अस्वीकृत कर दी जाएगी ।

घ. बोलियों को, (सारणी-I संलग्नक-घ) समग्र योग, जो मुख्यतया सभी पंक्तियों **(क्रम सं0 1 से 13) के योग पर आधारित है, के लिए न्यूनतम भाव दर (एल क्यू 1)** आधार पर मूल्यांकित किया जाएगा ।

च. प्रारंभिक आदेश एलक्यू 1 **बोलीकर्ता के आधार पर आरईसी के सभी कार्यालयों के लिए दिया जाएगा तथा एलक्यू 1** विक्रेता को आरईसी की सूची में सम्मिलित किया जाएगा । तथापि, आरईसी अपने एकल विवेक द्‌वारा अन्य तकनीकी रूप से अर्हक बोलीकर्ताओं के वर्ग को, किसी उत्तरवर्ती आवश्यकता के लिए एलक्यू 1 बोलीकर्ता के साथ स्नैप बोली में भाग लेने के लिए, सूची में शामिल करने का निर्णय ले सकता है । आरईसी अपने एकल निर्णय विवेक से अन्य बोलीकर्ताओं को नामिकायन (एंपैनलमेंट) का प्रस्ताव दे सकता है तथा स्नैप बोली केवल उन बोलीकर्ताओं के बीच कार्यान्वित की जाएगी, जिन्होंने आरईसी के प्रस्ताव को स्वीकार किया है तथा एलक्यू 1 बोलीकर्ता, जिसने पहले से ही निष्पादन बैंक गारंटी जमा कर दी है, को छोड़कर नामिकायन अवधि के उपरांत तीन महीनों के लिए वैध रूपये **25,000/-** (मात्र पच्चीस हजार रूपये) की बैंक गारंटी प्रस्तुत की है ।

छ. उपरोक्त अनुसार नामिकायन (एंपैनलमेंट) के लिए आरईसीएल का निर्णय अंतिम होगा तथा किसी के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ज. पैनल, नामिकायन प्रस्ताव की स्वीकृति तथा बोलीकर्ता द्‌वारा एंपैनलमेंट/संविदा अनुबंध पर हस्ताक्षर होने अथवा प्रारंभिक क्रय आदेश जारी करने की तारीख से, जो भी पहले हो, प्रारंभ में 12 (बारह) महीनों की अवधि के लिए वैध रहेगा । आरईसीएल की आवश्यकता तथा इसके प्रोजेक्ट की अपेक्षाओं के आधार पर इसे **आगे 06** (छह) महीनों की अवधा के लिए बढ़ाया जाएगा ।

झ. बोलीकर्ता यह आवश्यक रूप से नोट कर लें कि आरईसीएल के पास अधिकार सुरक्षित है कि वह बिना स्नैप बोली के सूची में सम्मिलित किसी विक्रेता को एल क्यू 1 की दरों पर तथा/अथवा विक्रेता द्‌वारा प्रस्तावित न्यूनतम दरों पर, उस समय की परिस्थितियों तथा आवश्यकताओं के आधार पर बिना कोई कारण बताए अपने विवेकानुसार, क्रय आदेश दे सकता है ।

ट. आरईसीएल के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह सीमित/एकल भाव-दर के आधार पर सूचीबद्ध विक्रेताओं से तथा/अथवा अपने विवेकानुसार अन्य स्रोतों से पेरीफेरलों सहित आपूर्ति सिस्टमों/उपकरणों अथवा अन्यत्र के विनिर्देशनों को उन्नयन/अद्‌यतन करने जैसे अन्य अतिरिक्त पुर्जों/वैकल्पिक वस्तुओं/अनुषंगियों इत्यादि का प्रापण कर सकता है । तथापि, यदि मूल उपकरण/सिस्टम का पूर्तिकर्ता इन अतिरिक्त पुर्जों/वैकल्पिक वस्तुओं/अनुषंगियों/पैरीफेरलों इत्यादि की आपूर्ति नहीं कर रहा है, तो अतिरिक्त पुर्जों/वैकल्पिक वस्तुओं/अनुषंगियों/पेरीफेरलों के पूर्तिकर्ता के साथ मूल सिस्टम/उपकरण के रखरखाव की ऑन-साईट व्यापक वारंटी के अधीन

तथा दौरान, इन पुर्जों/वैकल्पिक वस्तुओं/अनुषंगियों/पेरीफेरलों इत्यादि के संस्थापन तथा कमीशनिंग को बिना किसी खर्च पर मूल सिस्टम/उपकरण का पूर्तिकर्ता करेगा, बशर्ते कि वह इन अतिरिक्त वस्तुओं के किसी दोष/अकृत्य/वारंटी के लिए उत्तरदायी न हो ।

ठ. विक्रेता किसी अन्य एजेंसी की किसी भी रूप में एंपैनलमेंट अथवा उसके किसी अंश को समनुदेशित तथा/अथवा उप पट्टे पर नहीं देगा/ऐसा करने पर उसका एंपैनलमेंट समाप्त कर दिया जाएगा तथा प्रतिभूति जमा/निष्पादन गारंटी इत्यादि जब्त कर ली जाएगी ।

ड. इन निबंधन एवं शर्तों में किसी परिवर्तन को स्वीकार नहीं किया जाएगा । इनका उल्लंघन होने पर बोली अस्वीकृत तथा जमा बयाना राशि/प्रतिभूति जमा जब्त हो जाएगी ।

3.16 **बोलियों की भाषा**

सभी बोलियों तथा सहायक दस्तावेज अंग्रेजी में प्रस्तुत किए जाएं, वे सुस्पष्ट हों, तथा अनाप-शनाप और संदिग्ध शब्दों अथवा वाक्यांशों, जिनमें व्याख्या अपेक्षित है, से मुक्त हों ।'उपलब्धता के आधार पर', 'स्वीकृति के आधार पर' 'बाद में उपलब्ध कराया जाएगा' इत्यादि जैसी अभिव्यक्तियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

क. बोलीकर्ता को निविदा प्रस्ताव में शोधन/विलोपन न हों पर ध्यान देना चाहिए । निविदा में किए गए शोधनों/विलोपनों, यदि कोई हो तो, पर निविदाकर्ता फर्म के हस्ताक्षर अथवा कार्यालय मोहर से प्रामाणिक किया जाए ।

ख. अपूर्ण निविदाएं, निविदा खुलने के उपरांत प्राप्त उसके संशोधन तथा परिवर्तन तथा/अथवा देरी से प्रस्तुत निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

ग. बोलीकर्ता की मुद्रित निबंधन एवं शर्तें, यदि कोई हो तो, को निविदा के अंश के रूप में विचारा नहीं जाएगा । अनुबंधित किसी शर्त एवं निबंधन के अस्वीकार्य होने की स्थिति में, बोलीकर्ता को अपने प्रस्ताव में विचलन को स्पष्ट रूप से बताना होगा । इसी प्रकार, यदि आरईसी द्वारा निर्धारित अनुसूची/प्रोफार्मा में कोई आशोधन करना आवश्यक है, तो बोलीकर्ता अलग कागज पर उसे संप्रेषित करेगा तथा उसे निविदा के साथ संलग्न करेगा ।

**3.17 निष्पादन बैंक गारंटी**

क. **एंपैनलमेंट के लिए सफल बोलीकर्ताओं को निविदा का नोटिस दिए जाने की तारीख से 30 (तीस) कार्य दिवसों के अंतर्गत, संविदा के उचित निष्पादन एवं पूर्ति की एवज में रूपये 25,000/- की धनराशि की निष्पादन बैंक गारंटी (आरईसीएल द्वारा दिए गए फॉर्मेट के अनुसार), जो 15 महीनों के लिए वैध हो, को अपने खर्च पर उप महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी) रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड, स्कोप कांपलेक्स, 7-लोदी रोड़, नई दिल्ली- 110003 के पास जमा करना**

**होगा । सफल रूप से नाम सूचीबद्ध बोलीकर्ताओं की जमा बयाना राशि को, उपर्युक्त निष्पादन गारंटी मिलने पर, वापस** कर दिया जाएगा ।

ख. निष्पादन बैंक गारंटी किसी अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक में आहृत रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय होनी चाहिए ।

ग. निष्पादन बैंक गारंटी को, संविदा के तहत विक्रेता के दायित्वों का उचित रूप से संतोषजनक निष्पादन करने के साथ, संविदा पूर्ण होने के उपरांत आरईसी द्वारा चुका दिया जाएगा/वापस कर दिया जाएगा। निष्पादन बैंक गारंटी वारंटी अवधि की समाप्ति उपरांत भी तीन महीने तक वैध रहेगी ।

घ. **उपरोक्त अपेक्षा का अनुपालन करने अथवा 30 दिनें के अंतर्गत अथवा अन्य ऐसी विस्तारित अवधि के अंतर्गत, जैसा उप महाप्रबंधक (प्रौद्योगिकी), रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेश लिमिटेड, स्कोप कांपलेक्स, 7-लोदी रोड़, नई दिल्ली - 110003 द्वारा निर्दिष्ट किया जाएगा, संविदा करने में बोलीकर्ता का विफल होना निविदा के अभिशून्यन के लिए, अन्यों के बीच, यदि कोई है तो, पर्याप्त आधारों को संस्थापित करता है ।**

च. एंपैनलमेंट अवधा के दौरान किसी भी कारण से विक्रेता का सेवाओं के उपलब्ध न करा पाने की स्थिति में, निष्पादन गारंटी को आर ई सी द्वारा प्रतिसंहरण कर लिया जाएगा ।

छ. निष्पादन बैंक गारंटी के लिए कोई बैंक शुल्क/ब्याज देय नहीं होगा ।

ज. आरईसी को, अनवधानता, त्रुटि, दुरभिसंधि, मिथ्याग्रहण, अपकथन के कारण बोलीकर्ता के बिलों से, बैंक गारंटी से, अथवा बोलीकर्ता को देय अन्य धनराशि, उसको किए गए किसी भुगतान का समकक्ष मूल्य, से वसूली करने का अधिकार है ।

## अध्याय 4

## संविदा के सामान्य निबंधन और शर्तें

4.1 **कार्य-क्षेत्र**

संविदा के कार्य क्षेत्र में उपकरणों की आपूर्ति तथा अध्याय **2** में दी गई सभी सेवाएं शामिल हैं ।

4.2 **भुगतान की शर्तें**

क. कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा ।

ख. भुगतान किसी भी राशि, जिसके लिए विक्रेता इस संविदा के समक्ष अनुबंध के तहत उत्तरदायी है, की कटौती के आधार पर दिया जाएगा । साथ ही, सभी भुगतान, विद्‍यमान आयकर

अधिनियम के अनुसार टी डी एस (स्रोत पर काटा गया कर) तथा बीजक जमा की तारीख तथा /अथवा भुगतान तारीख, जो भी अधिक हो, को अन्य करों की कटौती के आधार पर दिए जाएंगे ।

ग. सभी भुगतान भारतीय रूपयों में किए जाएंगे ।

घ. **80 प्रतिशत राशि का भुगतान, क्रय आदेश में उल्लेखित गंतव्य/स्थान पर सफलतापूर्वक सुपुर्दगी करने तथा वारंटी उपरांत भी तीने महीनों के लिए वैध बैंक गारंटी के रूप में क्रयादेश मूल्य के 10 प्रतिशत जमा करने पर, किया जाएगा**

**च. शेष 20प्रतिशत राशि का भुगतान, सफलतापूर्वक संस्थापन एवं कमीशनिंग को प्रयोक्ता तथा/अथवा आरईसीएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणित करने के उपरांत, किया जाएगा।**

**छ. भुगतान प्रकमण के लिए विक्रेता को, सुपुर्दगी के सभी संबंधित साक्ष्य, जिन पर आरईसीएल के विभिन्न कार्यालयों में संबंधित अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए गए हों, तथा बैंक गारंटी इत्यादि प्रस्तुत करनी होगी ।**

4.3 **विलंब के लिए परिनिर्धारित नुकसानी**

क. संविदा का मूल सार समय है। सफल विक्रेता, अनुसूची । में निर्धारित सभी उपकरणों की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण तथा कमीशन को आदेश सौंपे जाने के 4 सप्ताह के अंतर्गत **अनिवार्य रूप से कर दें। अनुबंधित तारीख को/से पूर्व सभी अथवा कुछ उपकरणों की आपूर्ति अथवा कमीशन न करने की स्थिति में, प्रति सप्ताह संविदाकृत पैकेज कीमत का 1.5 प्रतिशत के समान मूल्य की पेनल्टी जो अधिकतम कुल संविदा मूल्य का 10 प्रतिशत होगी, अधिरोपित की जाएगी संविदा पैकेज के मूल्य की 1.5 प्रतिशत राशि पार्टियों की सहमति से पूर्व-निर्धारित तथा पूर्व-अनुमानित की गई है । परिनिर्धारित नुकसानी की अदायगी सफल बोलीकर्ता के दायित्वों को प्रभावित नहीं करेगी ।**

**ख. अनुबंधित समयावधि के 10 दिन परे आदेश के अनुपालन में विलंब हाने की स्थिति में, आरईसी को आदेश रद्द करने तथा जमा बयाना राशि/निष्पादन/अन्य कोई बैंक इत्यादि गारंटी को प्रतिसंहरण करने का अधिकार होगा ।**

**ग. इसके अतिरिक्त बोलीकर्ता, उपरोक्त ख्डां 4.3(क) के अनुसार पेनल्टी के अलावा अनापूर्तित वस्तुओं के मूल्य का 2 प्रतिशत निरस्तीकरण शुल्क** भी आरईसीएल को अदा करने का उत्तरदायी होगा । निरस्तीकरण शुल्क अदा न करने की स्थिति में आरईसीएल को बोलीकर्ता की प्रतिभूति जमा, यदि कोई हो तो, (आरईसीएल के पास पहले से उपलब्ध) से उक्त शुल्क को वसूल करने का अधिकार है । ऐसी परिस्थिति में, आरईसीएल को चूककर्ता विक्रेता के जोखिम और खर्च पर वैकल्पिक स्रोतों के द्वारा अपूर्ण आदेशों के निष्पादन को पूर्ण कराना होगा ।

4.4 **संविदा की समाप्ति**

क. यदि बोलीकर्ता संविदा के अनुसार सेवाएं उपलब्ध कराने में असमर्थ है तो, आर ई सी किसी भी समय संविदा को समाप्त कर सकता है । ऐसे मामलों में, बोलीकर्ता द्वारा निष्पादित कार्य के लिए यदि कोई धनराशि देय है तो, उसका भुगतान, संविदा के उपबंधों के अनुसार समुचित वसूलियों को करने के उपरांत तथा बोलीकर्ता के जोखिम और खर्च पर कार्य को पूर्ण करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था होने के उपरांत, किया जाएगा । चयनित बोलीकर्ता को सेवा छोड़ने से पूर्व न्यूनतम तीन माह का नोटिस देना होगा ।

ख. यदि चयनित विक्रेता दिवालिया हो जाता है तो, आर ई सी उसे बिना किस क्षतिपूर्ति के, लिखित रूप से नोटिस देकर संविदा को किसी भी समय समाप्त कर सकता है, बशर्ते कि ऐसा समापन कोई प्रतिकूल प्रभाव न डाले अथवा किसी कार्रवाई अथवा उपायात्मक अधिकार, जो आरईसीएल को कभी भी प्रोद्भूत करने को प्रभावित न करता हो ।

ग. आरईसीएल चयनित विक्रेता को लिखित नोटिस देने के द्वारा अपनी सुविधानुसार, क्रय आदेश तथा/अथवा संविदा तथा/अथवा एंपैनलमेंट को पूर्ण अथवा आंशिक रूप से किसी भी समय समाप्त कर सकता है । समापन के नोटिस में आरईसीएल की सुविधा, कार्य निष्पादन की किस सीमा के तहत क्रय आदेश तथा/अथवा संविदा को समाप्त किया गया है, तथा ऐसा समापन किस तारीख से प्रभावी होगा, को स्पष्ट रूप से बताया जाए । आरईसीएल को निम्नुसार चयन करने का अधिकार सुरक्षित है:

i क्रय आदेश तथा/अथवा संविदा अवधि तथा मूल्य के किसी अंश को पूर्ण कराने; तथा अथवा

ii शेष को रद्द करने तथा चयनित विक्रेता को आंशिक रूप से संपादित सेवाओं के लिए सहमत की गई राशि के भुगतान करने का अधिकार है ।

घ. विक्रेता की कंपनी अथवा कंपनी के संबंधित प्रभाग को किसी अन्य कंपनी द्वारा अधिकार में लेने/खरीदने की स्थिति में, उनके स्थानांतरण के समझौते की बातचीत अनुसार, आरईसीएल के साथ अनुबंधित सभी बाध्यताओं, को नई कंपनी व नये प्रभाग को अनुपालन के लिए पारित कर दी जाएं ।

च. आरईसीएल अपने विवेकानुसार आपूर्ति, कमीशनिंग तथा/अथवा उपकरणों/उत्पादों के रखरखाव में अनियमित विलंब के लिए एंपैनलमेंट को समाप्त कर सकता है ।

4.5 **शासी विधि और विवाद**

क. पार्टियां एतदद्वारा सहमत है कि इन दस्तावेजों के तहत उठने वाले अथवा सभी संबंधित मामलों में नई दिल्ली के न्यायालयों में अनन्य अधिकारिता रहेगी ।

ख. बोलियां तथा उसके फलस्वरूप संविदा को शासित तथा उसके अर्थ ग्रहण को भारत के कानून के अनुसार किया जाएगा ।

ग. इस निविदा दस्तावेज के निर्माण, तात्पर्य तथा ऑपरेशन अथवा प्रभाव तथा उनके खंडन से संबंधित पार्टियों (अर्थात् आरईसी तथा बोलीकर्ता) के बीच उठने वाले सभी विवादों अथवा मतभेदों का निवारण सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जाएगा । तथापि, यदि उपरोक्त अनुसार पार्टियां उन्हें सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटाने में असमर्थ हैं तो उसका निपटान माध्यस्थम् तथा सुलह अधिनियम, **1986** के अनुसार सी एम डी, आरईसीएल द्वारा नियुक्त एकमात्र विवाचक द्वारा किया जाएगा । विवाचक एक तर्कयुक्त तथा व्याख्यानपूर्ण अधिनिर्णय देगा । माध्यस्थम् का स्थान नई दिल्ली में होगा । विवाचक की फ़ीस तथा अन्य शुल्क को दोनों पार्टियों द्वारा समान रूप से वहन किया जाएगा ।

घ. माध्यस्थम् की कार्यवाही के दौरान सफल बोलीकर्ता संविदा के अंतर्गत कार्य करते रहेंगे बशर्ते कि उन्हें आरईसी द्वारा लिखित में अन्य प्रकार से निर्देशित न किया गया हो ।

